>

Title: Need to accord the status of University to P.G. College, Attara in Chitrakoot Mandal, Uttar Pradesh and also to provide funds for establishment of Universities in each Mandal of the State.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा) : उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित दो महत्वपूर्ण प्रकरणों के बारे में बताना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से एक बृहद राज्य है। प्रदेश में सप्रति 18 मंडल हैं। वर्तमान में उच्च शिक्षा के 14 राज्य विश्वविद्यालय प्रदेश में स्थापित हैं। भारत सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत सम्मिलित किये जाने तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान संचालन के फलस्वरूप वर्ष प्रतिवर्ष माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि होती रहेगी। प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन अनुपात में अभिवृद्धि एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल में कम से कम एक राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। यह इसलिए भी आवश्यक है कि कतिपय राज्य विश्वविद्यालयों के साथ संबद्ध महाविद्यालयों की संख्या बहुत अधिक है तथा कई महाविद्यालय विश्वविद्यालयों के दूरस्थ क्षेत्रों में अवस्थित है। इस कारण विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालयों पर अपेक्षित नियंत्रण एवं गुणवत्ता को बनाए रखने में कठिनाई का अनुभव किया जा रहा है। अतः बुन्देलखण्ड के चित्रकूट मंडल के अतर्रा महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा देकर पिछड़े क्षेत्र में विश्वविद्यालय स्थापित किया जाए। राज्य सरकार का प्रस्ताव है कि उत्तर प्रदेश जैसे बृहद राज्य में 9 नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाए ताकि प्रत्येक मंडल में एक राज्य विश्वविद्यालय अवश्य हो। एक विश्वविद्यालय के निर्माण पर लगभग रूपये 350 करोड़ का व्यय संभावित है। इस प्रकार कुल 9 विश्वविद्यालयो स्थापना हेतु लगभग 3150 करोड़ रूपये का व्यय भार अनुमानित है। इस अनावर्तक व्यय हेतु केन्द्र सरकार की ओर से वित्तपोषण के आधार पर ही विश्वविद्यालयों की स्थापना संभव हो सकेगी।

अतः इस लोक महत्व के विषय पर सरकार से धन उपलब्ध कराने की मांग करता हूं।